# बायो सीएनजी प्लांट का जल्द शुरू होगा निर्माण

## सरोजनीनगर में राज्यपाल करेंगी शिलान्यास, मंडलायुक्त ने किया मौके का दौरा

माई सिटी रिपोर्टर

**लखनऊ।** शहर में गोबर, सब्जी मंडियों से निकलने वाले कचरे की समस्या अगले साल खत्म हो जाएगी। इसके लिए बायो सीएनजी प्लांट लगाया जाएगा। पीपीपी पर लगने वाले प्लांट के लिए नगर निगम ने सरोजनीनगर क्षेत्र में निजी कंपनी को जमीन आवंटित कर दी है।

13 महीने में प्लांट तैयार हो जाएगा। इसका शिलान्यास-भूमि पूजन राज्यपाल करेंगी। बुधवार को मंडलायुक्त रोशन जैकब ने मौके का निरीक्षण किया। इस दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह थे। अपर नगर आयुक्त डॉ. अरविंद राव ने बताया कि प्लांट में कान्हा उपवन के गोवंशों के गोबर से सीएनजी बनाई जाएगी।

कान्हा उपवन में करीब दस हजार गोवंश हैं। नगर निगम अयोध्या रोड पर मनोरथा गोशाला बना रहा है। इससे प्लांट को गोबर की कमी नहीं होगी। प्लांट पर करीब 100 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। निजी कंपनी जेबीएम इसका खर्च उठाएगी। जो गोबर नगर निगम देगा उसका पैसा भी कंपनी देगी।



सरोजनीनगर में बायो सीएनजी प्लांट को लेकर मंडलायुक्त ने बुधवार को निरीक्षण किया। स्रोत : विभाग

## गोवंशों के इलाज की व्यवस्था और मजबूत करें : मंडलायुक्त

### कान्हा उपवन का किया निरीक्षण

**लखनऊ।** नादरगंज स्थित कान्हा उपवन (गोशाला) का मंडलायुक्त रोशन जैकब ने बुधवार को निरीक्षण किया और इसे आत्मनिर्भर बनाने का निर्देश दिया। नगर निगम अधिकारियों से गोवंशों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराने व बीमार पशुओं की चिकित्सकीय व्यवस्था को और सुदृढ़ करने के लिए कहा।

मंडलायुक्त ने कहा कि गोशाला की देखरेख में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। उन्होंने चारे की गुणवत्ता की समीक्षा की और निर्देश दिया कि पशुओं को पोषणयुक्त चारा समय से उपलब्ध कराया जाए। हर गो आश्रय स्थल पर लॉक बुक बनाएं, जिसमें भूसा आदि का रिकॉर्ड रखा जाए।

मंडलायुक्त ने सभी बाड़ों का निरीक्षण किया। चारा मानकानुसार मिला। उन्होंने गोशाला से दूध, गोबर की बिक्री की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह, अपर नगर आयुक्त पंकज श्रीवास्तव आदि थे।